तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024



09 एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक ने जीता जिला ...





09 जवानों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का लिया...







NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO




भव्य ॥ शुभारंभ ॥

स्वास्तिक एग्रो

पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद

हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532

सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता

HP हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग क्षमता' - 1500 Kg

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph


## खबर संक्षेप

### सोनादाई में मानस सम्मेलन आज

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई में आज 28 अक्टूबर को एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें सायं साढ़े 5 बजे से जय माँ सोनादाई मानस परिवार लोहत्तर और सायं 7 बजे से 10 बजे तक राजहंस मानस परिवार सोनसाय टोला अम्बागढ़ चौकी के द्वारा मानस पाठ किया जाएगा। नायक परिवार के संयोजन में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

### सारवंडी में 3 दिनी प्रतियोगिता 30 से

**दुधावा।** दीपावली के पर्व पर सारवंडी में तीन दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कर्मचारी संघ के तत्वावधान एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन किया रखा गया है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,111 रूपएं, दूसरा पुरस्कार 11,111 रूपएं, तीसरा पुरूस्कार 7,111 रूपएं और चौथ पुरूस्कार 5,111 रूपएं रखा गया है। उक्ताशय जानकारी चेतन सिन्हा और गौकरण साहू के द्वारा दिया जाएगा।

### विरोध : सब इंजीनियर की लापरवाही उजागर, कार्य के प्रति नहीं हैं गंभीर

# साल्हे-कच्चे मार्ग के घटिया निर्माण पर सरपंच व ग्रामीण भड़के और दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- मीडिया के पूछते ही पीडब्ल्यूडी के उपस्थित कर्मचारियों ने लगा दी दौड़
- सरपंच व ग्रामीणों ने कहा कि कार्य सुधार नहीं होने पर किया जाएगा आंदोलन
- करोड़ों की सड़क भगवान भरोसे, ढलाई के बाद पानी नहीं डाला जा रहा

साल्हे से कच्चे तक बन रही सीसी रोड एक तरफ बनने के बाद दूसरी तरफ बन रही है। इस सड़क का यह हाल है कि दूसरी तरफ बनने के दौरान पहली तरफ की कुछ दिन पहले बनी सड़क उखड़ने लगी है। गुणवत्ताहीन बन रही सड़क का विरोध कच्चे के सरपंच व ग्रामीणों ने किया, उनका कहना है कि ढलाई के बाद पानी नहीं डाला जा रहा है। इस रोड का काम करने वाले सब इंजीनियर मरकाम का घटिया रोड बनाने का पूरी तरह संरक्षण मिला हुआ है। सब इंजीनियर कभी कभार आते है, करोड़ो की सड़क भगवान भरोसे बन रही है।

जानकारी के अनुसार कच्चे की सरपंच गायत्री कावड़े ग्रामीणों तिजऊराम हिड़को, ज्वाला प्रसाद, रिखीराम, कैल सिंह नेता, धीरज जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल व अन्य ग्रामीणों के साथ साल्हे से कच्चे तक बन रही सीसी सड़क के पास 27 अक्टॅबूर रविवार को पहुँची, परंतु वहाँ पर कोई भी जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी यानी सब इंजीनियर नहीं थे। सरपंच व ग्रामीणों ने बताया कि साल्हे से कच्चे तक 2 किमी. की सड़क सीसी रोड बनना है। इस रोड की गुणवत्ता बहुत ही खराब है, ढलाई करने के बाद न तो पानी डालते है और उसे उसी हालत में छोड़ देते है। कच्चे चौक पर पहले सीधा रोड था, परंतु अब ऐसा बन रहे है, जिसमें टर्निंग कर दिया है, जिसके चलते हादसे होना तय है। कच्चेवासियों का कहना है कि सब इंजीनियर को इन समस्याओं के बारे में बताया जाता है तो उसका कहना है कि ठेकेदार का अमला मनमानी करता है, हमारी बात भी नहीं सुनता है। इससे यह


▶▶ शेष पेज 8 पर






#### पीडब्ल्यू के कर्मचारी भागे

*सीसी सड़क निर्माण स्थल पर लोक निर्माण विभाग का एक कर्मचारी भानुप्रतापपुर से काम देखने आता है। इस कर्मचारी से हरिभूमि ने सड़क के बारे में जानकारी लेने के लिए पहुँचे। उससे जानना चाहा कि किस पद पर है, किस हैसियत से काम देखने आता है, यह पूछते ही कर्मचारी जवाब देने के बजाए कार्यस्थल से जवाब दिए बिना नौ दो ग्यारह हो गया।*

#### सब इंजीनियर नहीं उठाते फोन

*सरपंच व कच्चे के ग्रामीणों के अनुसार सीसी सड़क निर्माण का काम सब इंजीनियर एसके मरकाम देख रहे है। हरिभूमि ने सरपंच व ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए आरोप को जानने के लिए उनके मोबाईल नंबर 62643 89714 पर संकर्प करने का प्रयास किया गया। उनके मोबाईल की घंटी बजती रही, परंतु कॉल रिसीव नही हुआ। इसी से सब इंजीनियर की गंभीरता दिखती है कि, वे कार्यों के प्रति कितने गंभीर है।*

#### कच्चे के ग्रामीणों में आक्रोश

कच्चे के ग्रामीणों में सीसी सड़क बना रहे ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी की बन रही सड़क में निर्माण होने के बाद पानी डालना अनिवार्य होता है, जब से निर्माण कार्य चालू हुआ है, तब से सड़क पर पानी नहीं डाला जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता में गिरावट आना तय है। कच्चे चौक में पहले सड़क सीधी थी, लेकिन उसको घुमावदार बनाया जा रहा है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है।

#### ग्रामीण कर सकते हैं चक्काजाम

कच्चे के आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कार्य कर रहे ठेकेदार के मुंशी को भी अच्छी सड़क बनाने की बात कहीं और निर्माण कार्य को सुधार करने के लिए कहा गया है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में जल्द दे जल्द सुधार नहीं किया जाता है, तो आने वाले समय में चक्काजाम किया जाएगा, इसकी पूरी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व ठेकेदार की होगी।

# बाइक से कूदकर भागा अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- लखन सेठिया अंतागढ़ से मजदूरी के लिए यहां आया था
- पागल जैसे हरकत करने पर उसे छोड़ने जा रहे थे तभी हादसे का हुआ शिकार

अंतागढ़ थानांतर्गत कमलेश नेताम और मिथुन सुर्यवंशी के साथ नारायणपुर से पेंट पुट्टी के काम में मजदूरी करने अंतागढ लखन सेठिया के घर आया था। मृतक घटना की रात पागल टाईप की हरकत करने लगा था, जिसे मोटर सायकल में बीच में बैठाकर छोड़ने जा रहा था, तभी मोटर सायकल से कूदकर भागने लगा और अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृतक की मौत हो गई।

पुलिस ने जाँच में पाया कि मृतक देवेश ठाकुर पिता छेरकु राम ठाकुर उम्र 36 वर्ष निवासी कनेरा थाना भरण्डा जिला नारायणपुर को कमलेश नेताम एवं तेजसिह मोटर सायकल से छोड़ने के लिए अंतागढ से नारायणपुर निकले थे। कुंहचे मोड़ के पास अचानक देवेश ठाकुर इन लोगो को मोटर सायकल से धक्का मारकर कुंहचे रोड पर पागल




की भांति हरकत करने लगा और कुंहचे रोड की ओर भागने लगा जिससे मोटर सायकल को रोककर देवेश ठाकुर को पता करने कुंहचे रोड की तरफ गए, जो पुलिया के पास घायल अवस्था में पड़ा था। अज्ञात वाहन के चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से देवेश ठाकुर के सिर में, दोनो कान, बांया कंधा, बांया पैर, दाहिना पैर मे चोट लगा था जिसे ईलाज के लिए 108 वाहन से अंतागढ अस्पताल लेकर आएं। चिकित्सकों ने जाँच करने पर बताया कि मृत्यु हो चुकी है।

पुलिस ने जांच के उपरांत अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाने से देवेश ठाकुर का मृत्यु होना पाया गया और अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपराध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जैसाकर्रा टर्निंग पर पिकअप ने बाइक को ठोंका चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जैसाकर्रा जाने वाले टर्निंग में बोलेरो पिकप चालक ने बाईक को ठोकर मारा था, जिसमें ईलाज के दौरान बाईक चालक की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान आरोपी की पतासाजी हुई, उसके उपरांत आरोपी पिकप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

टांहकापार निवासी उदेराम पटेल और किलेपार निवासी नरेन्द्र ध्रुव, सराधुराम सलाम, संतोष दुग्गा चौकी हल्बा पहुँचे और उन्होने मौखित बताया कि उनका साला मृतक मनीष नेताम पिता स्व. जयराम नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी किलेपार निजी काम से अपनी मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 19 बीके 9396 से ग्राम चारामा आया था और रात करीबन 8 बजे मोटर सायकल से ग्राम रतेसरा होते हुए ग्राम किलेपार जा रहा था, उसी समय रात को लगभग 8 बजे



कांकेर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन का चालक अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर जैसाकर्रा जाने रोड पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में मनीष नेताम के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोट आई और राह चलते लोगों ने घायल को चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। घायल सिर एवं अन्य जगह पर गंभीर चोट लगा था जिसका अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गया। हल्बा चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को चारामा थाना को सौंपा।

पुलिस ने जांच के दौरान चश्मदीद साक्षी चंद्रकांत गोस्वामी, हेमचंद सिन्हा दोनो निवासी ग्राम टांहकापार का कथन लिया गया, उसके अनुसार कांकेर की ओर से आ रही, वाहन सफेद रंग का महिन्द्रा बोलेरो पिकप क्रमांक सीजी 18 एल 5948 का चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक की मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया, जिससे वह वाहन महिन्द्रा बुलेरो पीकप में टकराते हुये मोटर सायकल सहित रोड में गिर गया, जिससे उसे सिर में चोट आया। घटना के बाद वाहन पिकप का चालक रूका था, बाद में घटना स्थल पर काफी लोग आ गए थे। पुलिस ने जाँच के आधार पर आरोपी बोलेरो पिकप वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


# उदयनगर की मतदाता सूची में गड़बड़ी भाजपा मंडल महामंत्री ने ली आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- उदयनगर वार्ड की सूची में दूसरे वार्ड के लोगों के शामिल नाम को हटाने प्रशासन के संज्ञान में लाया

पिछड़ा वर्ग की रिपोर्ट में मुहर लगने के बाद से नगरीय निकाय चुनाव में सक्रियता देखने को मिलने लगेगी, वैसे मतदाता सूची में भी दावेदार सक्रिय हो गए है। विधानसभा व नगरीय निकाय में मतदान केंद्र इधर से उधर होने के चलते मतदाता के वार्ड इधर से उधर हो जाते है। उदयनगर की पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक व भाजपा मंडल के महामंत्री अरूण कौशिक ने बताया कि शीतलापारा के 71 मतदाताओं के नाम उदयनगर में मतदाता सूची में दिख रहे है, इन नामों को हटाने के लिए 21 अक्टूबर को आवेदन दिया जा चुका है, वहीं कई लोग इसे लेकर प्रशासन पर ऊंगली उठा रहे है, जो औचित्य नहीं है। नगरीय


▶▶ शेष पेज 8 पर

#### दूसरे वार्डों के 71 नाम हटाने किया आवेदन

*भाजपा शहर मंडल के महामंत्री अरूण कौशिक ने कहा कि किस कारण से शीतलापारा व अन्य वार्डों के 71 नाम उदय नगर वार्ड में जुड़ गए है, यह बूथ प्रभारी नहीं बता पा रहे है। इन नाम को हटाने के लिए मैंने सबसे पहले 21 अक्टूबर को आवेदन देकर प्रशासन के संज्ञान में लाया था। उनके द्वारा आश्वस्त किया जा चुका है कि यह सभी नाम हटाए जाएंगे।*

#### त्रुटिवश नाम जुड़े, आवेदन करें, नाम हटा दिए जाएंगे

*उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मार्बल ने कहा कि मतदाता सूची की चल रही प्रकिया की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है, जिनका नाम त्रुटिवश अन्य वार्ड में चला गया है, वे फॉर्म भर दे, उनका नाम जिस वार्ड में है, वहां यथावत कर दिया जाएगा। एक वार्ड का नाम दूसरे वार्ड में जुड़ने का कारण तकनीकि समस्या है, जानबूझकर ऐसा नहीं किया गया है। इस मामले में सबसे पहले आपत्ति अरूण कौशिक ने किया था।*

### कुम्हारों के महीनों का परिश्रम अब रंग लगा रहा

# मां लक्ष्मी की प्रतिमा और मिट्टी के दीयों बढ़ी डिमांड, दाम में 10 फीसदी इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- दीपावली पर माता लक्ष्मी की आराधना के लिए गजब का उत्साह

दीपावली पर्व को लेकर कुम्हारों ने लगभग दो माह पूर्व ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन अब तक बाजार में दीये और माता लक्ष्मी की प्रतिमा की मांग आने लगी है। उम्मीद है कि दो से चार दिन के भीतर दीयों की अच्छी बिक्री शुरू हो जाएगी। दीपावली



पर्व पर दियों का विशेष महत्व होता है। कार्तिक अमावस्या को मनाए जाने वाले इस पर्व में दीप अवली अर्थात


▶▶ शेष पेज 8 पर


#### शाइनिंग पर दिया जा रहा ध्यान

दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में कुम्हारों द्वारा माता लक्ष्मी की प्रतिमा भी बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। मुर्तिकारों का कहना है कि पहले साधारण रंगों से प्रतिमा निर्माण किया जाता था और अभ्रक का छिड़काव करने से ही काम चल जाता था, लेकिन अब ग्राहक प्रतिमा की शाइनिंग देखते है, इसलिए बेहतर कलर का उपयोग किया जाता है, जिस पर खर्च भी अधिक आता है। उन्होंने कहा कि बजार में काम्पीटीशन बढ़ गया है, उसके अनुसार उन्हें भी कार्य करना पड़ता है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

हरिभूमि **पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल


मो. 9407909500

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024-25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 01 नवंबर से 31 दिसंबर तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यों और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया पर की जा रही है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने निकाली रैली



**मगरलोड।** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ मगरलोड के कार्यकर्ता पुराना बाजार चौक में भगवान बलराम के जयघोष के साथ रैली निकालकर पैदल नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ मगरलोड के अध्यक्ष तोमन सिंह साहू ने कहा कि उनकी लंबित 11 सूत्री मांग जायज है जिस पर शासन को तत्काल संज्ञान में लेकर इन पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर मंशाराम साहू, ईश्वर साहू, बालाराम साहू, बसंत साहू, गजेंद्र साहू, रामाराम साहू, वेदराम साहू, प्यारी साहू, शुक्लू राम साहू, दीपक साहू, दीपचंद साहू, मेघराज साहू, तीरथ राम साहू, हरिराम चक्रधारी, गिरधारी पटेल, बसंत साहू, विरेंद्र साहू, हीरालाल साहू, प्रेम साहू, नरेंद्र साहू, भीष्म साहू, गौतम साहू, लोकपाल साहू उपस्थित थे।

### शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर बांटी औषधि

**कुरूद।** शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम कातलबोड़ में त्रैमासिक आयुष ग्राम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 183 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर औषधि प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शुक्रवार को आयुष ग्राम तथा शरद ऋतु के अनुसार दिनचर्या पालन, पितजन्य रोगों में विरेचन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधों के प्रयोग के बारे में बताया गया। ब्लड प्रेशर की जांच कर रोगानुसार औषधि व आहार-विहार की जानकारी दी गई। काढ़ा का वितरण किया गया। योग प्राणायाम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुनीता साहू, पूर्व सरपंच तेजनलाल साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष विकास साहू, प्रधानपाठक महेंद्र साहू, ग्राम पटेल रामप्रसाद साहू, सचिव पवन साहू, शिक्षक तुमन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### गायत्री परिवार का नशा मुक्त भारत अभियान

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला धमतरी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में कक्षा नवमी से 12 वीं तक के 120 छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। अभियान से प्रभावित होकर तत्काल 16 छात्रों ने मंच पर आकर जीवन भर नशा नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए तैयार करना है। नशा नाश की जड़ है। नशा से तन, मन और धन की बरबादी के साथ, टी.बी.केंसर जैसे जानलेवा बीमारी होती है।

# बाहरी फेरीवालों और संदिग्ध लोगों से रहें सावधान, ठिकाना न बनाने दें

## ग्रामीण इलाकों में बढ़ते अपराधों के मद्देनजर बरती जा रही सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है, जिसमें जिले के सभी ग्राम सरपंच, कोटवार और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पुलिस ने विशेष रूप से बाहरी घुमक्कड़ सामान बेचने वाले, फेरीवाले, कंबल और जड़ी-बूटी बेचने वाले, बर्तन और सोना-चांदी चमकाने वाले लोगों को गांवों में प्रवेश करने या ठिकाना बनाने की अनुमति न देने का आग्रह किया है। यह चेतावनी ग्रामीण इलाकों में बढ़ते अपराधों के मद्देनजर दी गई है। पुलिस का कहना है कि फसल कटाई और खेती-बाड़ी के कार्यों के दौरान अधिकतर ग्रामीण दिनभर खेतों में व्यस्त रहते हैं। जिससे उनके घरों पर ताला लगा रहता है। इस दौरान बाहरी गिरोह के लोग इन अवसरों का फायदा उठाकर चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखें। उन्हें गांव में घूमने या ठिकाना बनाने की अनुमति न दें।

पुलिस ने यह भी बताया कि कई बार घरों में महिलाएं अकेली रहती हैं। जिनके साथ बाहरी लोग आसानी से संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं। पुलिस का कहना है कि गांव की महिलाओं को भी सतर्क करें ताकि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। संदिग्ध व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका हो तो तुरंत अपने नजदीकी थाने में सूचना दें।



### किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें

कोंडागांव पुलिस ने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि यदि गांव में कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। पुलिस का कहना है कि उनके पास किसी भी आपात स्थिति में संपर्क किया जा सकता है और वे ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे।यह अपील ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रखने के उद्देश्य से है। बाहरी घुमक्कड़ और संदिग्ध लोगों से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए। पुलिस ने यह कदम उठाया है ताकि ग्रामीण अपने परिवार और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन

सरकार का पुलिस से नियंत्रण हट गया है, जिससे हो रहीं हैं घटनाएं : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेसी उतरे सड़क पर

छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था और हाल ही में बलरामपुर जिले की पुलिस कस्टडी में हुई घटना को लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का विरोध तेज हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। उसके पहले अपरान्ह 4 बजे कांग्रेस भवन में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एकत्रित हुए। और सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी की।



जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि हर दूसरे दिन प्रदेश में किसी न किसी बड़ी घटना की खबर आती है। बलौदा बाजार, सूरजपुर, कवर्धा और अब बलरामपुर में पुलिस की तानाशाही के चलते ऐसी घटनाएँ हो रही हैं। श्री दीवान ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांत छत्तीसगढ़ को अपराधों का गढ़ बनाने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिससे आम नागरिक भय और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। श्री दीवान ने कहा कि बलरामपुर की घटना पुलिस की तानाशाही का परिणाम है और यह दिखाता है कि सरकार पर जनता का नियंत्रण कमजोर हो गया है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तुरंत प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### ये रहे उपस्थित

जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, हेमा देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, संजय करन, योगेंद्र राठौर, सेवादल, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, मंडल, ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस, जिला पंचायत, सरपंच, पार्षद और नगर पालिका के निर्वाचित पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं को योजनाओं से करें लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव की प्रबंधन समिति की पांचवी बैठक

जनशिक्षण संस्थान के कार्यालय में प्रबंधन समिति की पांचवीं बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन हेमनाथ मिश्र ने की। बैठक में चेयरपर्सन हेमनाथ मिश्र अध्यक्ष पुष्पराज अनंत सचिव, निवास नायडू, श्रीमती केकती बर्मन, चिरंजीव राव, श्रीमती संध्या देवांगन, विजय पाल सिंह, राजाराम त्रिपाठी, श्रीमती सागरबती नेताम, चेतन कुमार देवांगन, प्रकाश बागड़े सदस्य उपस्थित रहे। मिटिंग में सर्वप्रथम संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत द्वारा सभी सदस्यों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र 2024-25 की सम्पूर्ण गतिविधि को विस्तार से अवगत कराया गया। अध्यक्ष हेमनाथ मिश्र ने कहा कि स्व सहायता समूह के महिलाओं को रोजगार कार्यालय से जोड़कर उन्हे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी और लाभ दिलाएं। कौशल विकास विभाग से श्री राव ने मर्दापाल क्षेत्र जहां नेटवर्क का अभाव है। वहां पंजीयन करने को सराहा। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश बागड़े ने बेचा-कड़ेनार क्षेत्र में राजमिस्त्री का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। बैंक ऑफ इंडिया शाखा कोण्डागांव के प्रबंधक चेतन देवांगन ने कहा कि प्रत्येक बैच को बैंक से गेस्ट लेक्चर द्वारा बैंक संबंधित जानकारी प्रदान किया जाएगा। महिल स्व सहायता समूह का भी खाता खोला जाएगा।



### जल्द ही प्रशिक्षण होगा आरंभ

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव की प्रबंधक श्रीमती कुसुमलता नेताम ने कहा कि लोन के लिए हमारे कार्यालय में संपर्क किया जाए। मांकड़ी ब्लॉक में और प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का प्रस्ताव रखा। जिसे जन शिक्षण संस्थान कोण्डागांव के निदेशक पुष्पराज अनंत ने कहा कि हम माकड़ी ब्लॉक में और मोबिलाइज कर रहे हैं। जल्द ही प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा। संस्थान के चेयरमेन हेमनाथ मिश्र ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए बैठक समापन की घोषणा की।

# बस्तर ओलंपिक के लिए अफसरों को मिला दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





बस्तर ओलम्पिक के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में आज जिला पंचायत में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई ने बस्तर ओलम्पिक के विकासखंड और जिला स्तरीय आयोजन की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न खेलों के आयोजन के लिए मैदानों का चिन्हांकन के साथ सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत, पेयजल की व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही खिलाड़ियों के लिए परिवहन सहित आवासीय और भोजन व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बस्तर ओलम्पिक के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जलदूत ऐप से भूजल स्तर का किया जा रहा मापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में भू-जल स्तर का मापन मानसून के बाद किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में स्थित सभी कुओं का जल स्तर मापा जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत रोजगार सहायक और बीएफटी द्वारा किया जा रहा है। जलदूत ऐप का उपयोग करते हुए कर्मचारियों द्वारा कुओं के जल स्तर की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस डेटा से जल स्तर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जाएगा, जो जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए सहायक साबित होगी। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत देवगांव में बीएफटी घासीदास के द्वारा किया गया।



# जल जीवन मिशन से ग्राम बोरगांव के हर घर में पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए बना रहा एक मजबूत आधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने में साबित हो रहा कारगर

विकासखंड के ग्राम बोरगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने में कारगर है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना को भी साकार करती है कि हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो। जल जीवन मिशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में रहने वाले लोगों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। यह मिशन न केवल जल संकट को दूर करता है। बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करता है। इस मिशन के तहत, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर घर में नल जल की सुविधा हो, जिससे लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े।

### जल प्रबंधन के लिए ग्रामसभा का आयोजन

ग्राम बोरगांव में योजना का लाभ घर-घर पहुंचाने के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य और ग्रामवासी शामिल हुए। इस सभा में नल जल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामवासियों की सहमति ली गई। यह एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि इस योजना की सफलता के लिए समुदाय का सहयोग आवश्यक है। सभा में समिति के सभी सदस्यों को योजना के संचालन और रख-रखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को समझें और योजना को सही तरीके से लागू करने में सहयोग करें। सभा में जल संरक्षण और जल संवर्धन के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि पानी की सीमित मात्र का उपयोग कैसे किया जाए। किचन, गार्डन और अन्य उपयोगों में पानी बचाने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श हुआ। यह जागरुकता न केवल जलसंकट को दूर करने में मदद करेगी बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी जल संसाधनों को संरक्षित करने में सहायक होगी।

### टेप जल आपूर्ति का लाभ ले रहे हैं ग्रामीण

जल जीवन मिशन के तहत अब बोरगांव में घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले ग्रामीण हैंडपंप और अन्य जल स्त्रेतों पर निर्भर थे, जिससे बरसात के दिनों में पानी भरने में समस्या आती थी। गर्मियों में भू-जल स्तर कम होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब, गांव में पानी टंकी के निर्माण से ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

### ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी

ग्राम बोरगांव की इस सफलता की कहानी यह दर्शाती है कि जब सरकार और समुदाय एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। जल जीवन मिशन के तहत बोरगांव में नल जल प्रदाय का कार्य केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास का एक समग्र दृष्टिकोण है। इस योजना के माध्यम से, ग्रामीणों को न केवल स्वच्छ पानी मिल रहा है, बल्कि उनकी जीवनशैली में भी सुधार हो रहा है। आज बोरगांव एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे सही नीतियों और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से बदलाव लाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका दृढ़ विश्वास है कि जल एक मौलिक अधिकार है और हर व्यक्ति को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया है कि अगर हम जल संसाधनों का सही उपयोग करें, तो न केवल अपने जीवन को सुधार सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य तैयार कर सकते हैं।

# छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



साइबर क्राईम के प्रति छात्रो को जागरूक करने सायबर टीम द्वारा डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों को इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल मिडिया साइट पर आए अनजान लिंक को क्लिक या डाउनलोड न करने जागरूक किया गया। साइबर पुलिस जगदलपुर के सौजन्य से बकावंड ब्लॉक के डीएवी स्कूल उलनार में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार के प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में साइबर टीम द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के बीच साइबर जागरूकता अभियान के तहत बच्चों और शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान एसआई अमित सिदार ने साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताते हुए साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए बताया कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर अनजान लिंक को कभी भी क्लिक या डाउनलोड नहीं करने और अनजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर नहीं करने की सलाह दी। इस दौरान छात्रों को वीडियो प्रसारण के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी बेवसाइट, बैंकिंग फ्रॉड आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय पर छात्रों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में तरह तरह के साइबर फ्रॉड सामने आ रहे हैं जिससे सतर्क रहकर ही हम साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बच सकते हैं। छात्रों को जागरूक करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध स्पैम मैसेज, ईमेल फ्रॉड और डिलीवरी धोखाधड़ी के बारे में चर्चा करते हुए उसके रोकथाम के लिए समस्त उपायों को साझा किया और उन्हें इससे बचने के उपाय बताया गया। इस दौरान बच्चों ने सायबर फ्रॉड की जानकारी लेते हुए इसे अपने अभिभावकों से साझा करने की बात भी कही। शिक्षिका श्रेजल विष्णु द्वारा साइबर टीम के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर साइबर टीम प्रभारी अमित सिदार, दीपक कुमार व गौतम सिन्हा के अलावा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

## पेज 7 के शेष

### साल्हे-कच्चे मार्ग...

स्पष्ट है कि ठेकेदार का अमला अपनी मनमर्जी से नियमों को ताक में रखकर सीसी सड़क बना रहा है। हरिभूमि टीम 27 अक्टूबर को ढलाई हो रहे कार्य को देखा तो निर्माण में लगे अमले का कहना था कि आज अंतिम दिन है, ढलाई करके चले जाएंगे, परंतु पानी कौन डालेगा, इस पर मजदूरों का कहना है कि इसके बारे में हम कुछ नहीं बता सकते। ठेकेदार का इंजीनियर व मुंशी ही बता पाएगा।

### उदयनगर की मतदाता...

निकाय व पंचायत चुनाव में नगरीय निकाय के अंतर्गत आने वाले वार्डों में युवा मतदाता और छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। विधानसभा और लोकसभा में जारी की गई मतदाता सूची के मतदाता ही मतदान कर सकेंगे। इस सूची को नगरीय निकाय के तहत वार्डो में अद्यतन किया जाता है तो कई मतदाताओं के नाम एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जुड़ जाते है। इसी के तहत शीतलापारा के लगभग 71 मतदाताओं के नाम उदयनगर वार्ड में जुड़ गए, जिसका सबसे पहले विरोध भाजपा शहर मंडल के महामंत्री अरूण कौशिक और उसके उपरांत उदय नगर की पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक ने 21 अक्टूबर को किया था। इन्होने कहा था कि यह मतदाता इस वार्ड के नहीं है, उनको संबंधित वार्ड में जोड़ा जाए। आवेदन मिलते ही बूथ प्रभारी को मामले की जाँचकर एक-एक मतदाता की जाँच करने और नाम हटाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी निर्देशित कर दिया था।

### मां लक्ष्मी की...

दीयों की कतारों से रौशनी की जाती है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से दीयों की खरीदी में कमी आई है। श्रद्धालु अब धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ही संख्या के दृष्टिगत दीयों की खरीदी करते हैं, वहीं घर को रौशन करने अब दीयों की जगह आधुनिक लाईटों का उपयोग किया जाता है। अधिकांश ग्राहक लगभग एक-डेढ़ दर्जन दीये ही खरीदते हैं, जिससे साल दर साल दीयों की बिक्री में कमी आ रही है। दीपावली बाजार को लेकर कुम्हारों द्वारा इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले अधिक दीयों का निमर्माण किया गया है, लेकिन बाजार में दीयों की मांग अभी कम होने के चलते दुकानदारों द्वारा कम दीये ले जाया जा रहा है। दीये बनाने वाले कुम्हारों का कहना है कि उनकी तैयारी लगभग दो माह से जारी है। लागत के लगभग आमदनी होती है और ज्यादा मार्जिन नहीं मिल पाता है। इस बार मूल्य में कम से कम 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

**चाइनीज लाइट में दबी दीयों की रौशनी-** दीपावली पर्व पर दीयों की रोशनी की जाती है। अमावस्या के अंधकार को दीयों की रौशनी से दूर किया जाता है, लेकिन अब दीयों को खरीदी सिर्फ पूजा के अनुसार ही की जाती है। पहले आंगन में सभी तरफ दीये जगमगाते थे, लेकिन अब उन दीयों को जगह चाइनीज लाइटों ने ले ली है। दीया निर्माण करने वाले कुम्हारों का कहना है कि चाइनीज लाइटों के आ जाने से दीयों पर काफी असर पड़ा है। इन लाइटों को चमक से दीयों की रोशनी दबकर रह गई है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**दंतेवाड़ा/गीदम।** भारतीय किसान संघ ने शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में प्रदेश की एवं क्षेत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के जिला सचिव बल्ली राम लेकाम के नेतृत्व में गीदम तहसील में ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान संघ के कमलोचन सेठिया व भदरु लेकाम नेतृत्व में दंतेवाड़ा तहसील में ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान संघ के जिला मिडिया प्रभारी शैलेश अटामी के नेतृत्व में तहसील कटेकल्याण में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष गोंडू राम नाग सहित कई किसान मौजूद रहे। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मधुसुदन ठाकुर के नेतृत्व में तहसील बारसूर में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष विजा राम जूरी सहित कई किसान मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम



**सुकमा।** सुकमा जिला में नये छात्रावास निर्माण की मांग एवं शबरी नदी में बाढ से कटाव को रोकने हेतु नदी में रिटर्निंग वॉल निर्माण, सुकमा जिले में विकास कार्यो को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में भाजपा जिला अध्यक्ष सुकमा धनीराम बारसे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विधानसभा संयोजक नुपुर वैदिक, भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान ने मुलाकात की एवं दीपावली की पूर्व बधाई दी। सुकमा जिले की विभिन्न राजनीतिक गतिविधिया एवं त्रिस्त्रीय पंचायत, नगरी निकाय चुनाव को लेकर व अन्य विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने सुकमा आने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने दीपावली के बाद आने का आश्वासन दिया।

### नगर पंचायत में चलाया गया सफाई अभियान

**गीदम।** कलेक्टर के आदेशानुसार प्रत्येक शनिवार को चिन्हांकित स्वच्छता लक्षित इकाई का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अटल आवास गीदम एवं वॉर्ड क्रमांक 14 कड़तीपारा स्कूल परिसर में चिन्हांकित सीटीयू का सफाई कार्य किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक एवं समस्त विभागीय अधिकारी इकबाल अहमद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आई एल पटेल, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, सहायक पंजीयक अधिकारी गिरधारी लाल उर्वशी, नायब तहसीलदार पूनम ठाकुर, शिक्षक योगेश सोनी, प्रधान अध्यापक सरिता जैन, शिवराम वेक, उप अभियंता मुकेश कोर्राम, जिला समन्वयक संजू निर्मलकर के साथ साथ समस्त कर्मचारियों की भागीदारी सराहनीय रही।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक ने जीता जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन केवी फुटबॉल ग्राउंड बचेली में किया गया। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का आयोजन बचेली रिबेल्स फुटबॉल क्लब बचेली द्वारा एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स के सहयोग से किया गया था। टूर्नामेंट के संरक्षक एसकेएमएस बचेली, एमएमडब्ल्यूयू इंटक बचेली थे। टूर्नामेंट में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक ने भी हिस्सा लिया।

लीग मैचों में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक पूल सी में था। पूल मुकाबलों से लेकर सेमीफाइनल मैच में डीएवी पॉलिटेक्निक ने अपनी जीत जारी रखी और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक ने डीएवी पब्लिक स्कूल बचेली को रोमांचक मैच में हराया, जिसका निर्णय पेनल्टी शूट आउट 3-1 द्वारा हुआ। फाइनल में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक जावंगा दंतेवाड़ा ने टूर्नामेंट जीता और 5000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र दिया गया। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के डी भवानी शंकर राव मैकेनिकल तृतीय सेमेस्टर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार मिला। प्रथम सेमेस्टर इलेक्ट्रिकल के यश घोष को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल और स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन ने भी छात्रों की जीत की सराहना की और भविष्य में भी इसे जारी रखने की उम्मीद जताई।

### युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ती रुचि सराहनीय



**भोपालपटनम।** क्षेत्र के युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ती रुचि सराहनीय है, सभी युवा इसी तरह आगे बढ़कर खेल के साथ-साथ शिक्षा एवं अन्य विधाओं में भी अपने भीतर छुपी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें ताकि आने वाली नई पीढ़ी भी इसका अनुसरण करते हुए आगे बढ़ सके। उक्त बातें क्षेत्र के लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने ग्राम पंचायत मुख्यालय वाडला में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। ग्राम वाडला में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के युवाओं ने किया था। इस प्रतियोगिता में आसपास की अधिकांश टीमों ने भाग लिया था। जिसमें ग्राम वाडला की टीम विजेता रही तथा ग्राम गोल्लागुडा की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्राम वाडला के पटेल कोरम शिवराम ग्राम गोखुर के पटेल कुडेम रमेश,भीमसेन कुडेम, कोरम कन्हैया सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चिल्हर की दिक्कत दूर करने एसबीआई ने उपलब्ध कराए सिक्के व छोटे नोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले की राष्ट्रीयकृत बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने आगामी दिनों में मनाई जाने वाली दीपावली व धनतेरस त्योहार को देखते हुए आम नागरिकों तथा व्यापारियों को सिक्के व नोटों को वितरित किया। जिससे त्योहारी सीजन में जिलेवासियों को सामग्री खरीदने में चिल्हर की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

इस संबंध में आधिकारिक जानकारी देते हुए बैंक शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि जिले में छोटे नोटों और सिक्कों की बढ़ती मांग को देखते हुए स्टेट बैंक की करेंसी चेस्ट मुख्य शाखा दंतेवाड़ा ने काउंटर पर पर्याप्त मात्रा में छोटे नोट उपलब्ध कराये हैं और अन्य बैंकों को भी उनके ग्राहकों के लिए नोट दिए गए। शाखा ने अधिकतम ग्राहकों को आश्वासन दिया है कि लगभग सभी वर्गों के उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए काउंटरों पर समय-समय पर नोट वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा व्यापारियों की मांग को देखते हुए शाखा ने व्यापारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार छोटे सिक्के भी दिए हैं। शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल एवं लेखा प्रबंधक निशांत ठाकुर ने अपनी टीम को निर्देश दिया है कि ग्राहकों के लिए नोटों की सभी आवश्यकताएं सुनिश्चित की जाएं। वितरण के दौरान शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल, रोकड़ अधिकारी आनंद तिर्की तथा कैशियर पी. कीर्तना

## ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रगतिशील ब्राह्मण समाज जिला बीजापुर की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा की अध्यक्षता में भैरमगढ़ के राम मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के व्यक्तियों को संगठित करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा समाज की एकजुटता बढ़ाने पर बल दिया गया।

जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि संगठन बनाने का मूल उद्देश्य समाज के लोगो को संगठित कर उनके हितो की रक्षा करना और अन्य समाज के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना है। ब्राह्मण समाज में एकजुटता के अभाव में समाज पिछड़ता जा रहा है। जागरूकता अभियान के द्वारा समाज को एक जुट करने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए गांव-गांव तथा घर-घर जाकर लोगों को जोड़ा जाएगा। इसी तारतम्य में आज भैरमगढ़ में सदस्यता अभियान को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय राम मंदिर में बैठक रखी गई थी,जिसमे समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा एक स्वर में समाज की एकता पर बल दिया। कई वृद्धजन संगठन की आजीवन और वार्षिक सदस्य भी बने, उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर कृष्ण गोपाल तिवारी को भैरमगढ़ का क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना। उनके नेतृत्व में शीघ्र ही भैरमगढ़ के समस्त ब्राम्हण समाज के व्यक्तियों को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रभाकर राजा शर्मा, अतुलेश तिवारी, वृहस्पति आचार्य, अरुण शर्मा, राजेश मिश्रा, राजेश पांडेय, गोपाल मिश्रा, संजीव अवस्थी, शंकराचार्य तिवारी, रमाकांत पुनेठा, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में हुआ समस्याओं का निराकरण



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने की श्रृंखला में आज विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर के जरिये समेली ग्राम के अलावा अन्य ग्राम जैसे पालनार, बुरगुम, रेवाली, पोटाली, अरनपुर, तनेली, नहाड़ी ग्रामों को कव्हर करते हुए यहां के निवासियों की मांगों, समस्याओं, शिकायतों को भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुना और निराकरण की आवश्यक पहल की। साथ ही दिए गए अन्य आवेदनों का भी संकलन करते हुए उसके निपटारे की समय सीमा भी तय किया गया। उक्त शिविर में भी जन्म, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बनाने हेतु ग्रामीणों का भारी हुजूम था। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुरूप राज्य शासन दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की समस्त योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फिर चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो अथवा किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन हो।

# काली पूजा की तैयारियां अंतिम चरणों पर, इस वर्ष होगा भव्य आयोजन

बंगीय समाज वार्षिक उत्सव को लेकर काफी उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



काली पूजा की तैयारियां अंतिम चरणों पर है। काली पूजा को महज कुछ ही दिन अब शेष रह गये है। ऐसे में आयोजन समिति पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा हुआ हैं। वर्षों से चली आ रही काली पूजा इस वर्ष कार्तिक माह के अमावस्या को जो दिवाली की रात यानी 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस रात को काली पूजा के समय के रूप में मनाई जाती हैं, जिसे श्यामा पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

ढोल ढाक ,संख ,काशा के गुंज का पूजा में बड़ा महत्व है। प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाली इस पूजा में साज सज्जा का विशेष महत्व होता है। पुष्पों से मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाता है, जो आकर्षक का केंद्र होता है। दीपावली की रात होने वाली मां काली की पूजा बंगीय समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। वार्षिक उत्सव में छोटे बड़े सभी वर्ग उपस्थिति होकर विधिवत मां की आराधना करते है। मुख्यालय स्थित श्रीश्री महाकाली मंदिर शक्तिकानन में काली पूजा की तैयारिया अंतिम चरण पर है। 45 वर्षो से लगातार चलती आ रही मां काली की पूजा को लेकर आयोजन समिति उत्साहित है। जिले में एक ही मंदिर होने के कारण उत्साह काफी बड़ जाता है। वहीं मंदिर परिसर में पूजा के आयोजन के लिए टेंट इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है।

युवा वर्ग इस पूजा को और भी खास बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है, काली पूजा के आयोजन में बड़ी संख्या में बंगीय समाज के सदस्य शामिल होंगे।

### श्रीश्री महाकाली मंदिर का उद्भव

वर्तमान मे मंदिर के व्यस्थापक व पंडित के दायित्व का निर्वाहन कर रहे सुजीत वैदिक द्वारा बताया गया की काली मंदिर पूर्व में हुए साधनाओं का प्रतिफल है, जिले मे मां काली का एक ही मंदिर है। हमारे परिवार द्वारा सुचारू रूप से व्यवस्था वर्षो से संचालित होता आ रहा है। वर्तमान में परिसर सौन्दर्य व विधिवत पूजा के लिए लोकप्रिय है। मेरे पिता आचार्य स्वः नरेन्द्र गिरी वैदिक मां काली के प्रथम पुजारी होने के साथ मंदिर के संस्थापक के रूप मे 1977 में मंदिर की नीव रखे थे, जिस परंपरा को बनाऐ रखने प्रथम पूजा हमारे परिवार के ही द्वारा वर्षों से सम्पन्न होता आ रहा है। आगे उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष काली पूजा को लेकर विशेष तैयारी बंगीय समाज द्वारा की जाती रही है जिसे समाज प्रमुखो द्वारा सम्पन्न कराई जाती है। वही हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाने वाली इस पूजा को विधिवत सम्पन्न कराने हम प्रतिबद्ध रहते है।

### भजन संध्या का होगा आयोजन

वार्षिक काली पूजा के अध्यक्ष विशाल शाह ने बताया की 31 अक्टूबर को मध्य रात्रि में माता का वार्षिक उत्सव के रूप में विविध कर्मकांड के अलावा माताजी की आरती, ज्योत, जागरण, हवन व महाप्रसाद (भण्डारा) का आयोजन किया जाता है। एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन अन्य राज्यो से आऐ कलाकारों द्वारा सम्पन्न होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रमों में मां की विधिवत पुजन व विभिन्न प्रकार से आरती व पूजा की तैयारी अब अपने अंतिम चरण में है। सुकमा सहित आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है। इस वर्ष काली पूजा धूमधाम से मनाए जाने की हमारी तैयारी पूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया की यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा की व्यवस्था की गई है। पूजा का शुभारंभ गुरुवार से होगा। उन्होंने आगे कहा की तैयारिया पूरी होने के बाद 31 अक्टूबर को रात्रि विधिवत मां काली की पूजा अर्चना प्रारंभ होगी।

# अफसरों ने क्रीड़ा परिसर पहुंच खेलों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर ओलंपिक को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने और लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रविवार की सुबह कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के नेतृत्व में एक भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे सहित खेल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ीगण और युवा शामिल हुए। यह जागरूकता रैली प्रियदर्शनी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसमें बस्तर ओलंपिक के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को आयोजन के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। कलेक्टर हरिस एस ने रैली के दौरान कहा बस्तर ओलंपिक हमारे क्षेत्र की जनता को खेलों के प्रति जोड़ने और युवाओं को खेलों में सक्रिय रूप से शामिल करने का एक अनूठा प्रयास है। इस आयोजन से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने आयोजन में जनता की सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे समाज को एकजुट करने में सहायक होते हैं।

रैली का समापन धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर पर हुआ, जहां लोगों ने बस्तर ओलंपिक के सफल आयोजन की कामना करते हुए उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस रैली से स्थानीय लोगों में बस्तर ओलंपिक के प्रति गहरी रुचि और जुड़ाव देखने को मिला, जिससे आयोजन की सफलता की संभावनाएं और अधिक प्रबल हो गई हैं। इस कार्यक्रम के बाद कलेक्टर और एसपी ने क्रीड़ा परिसर में आयोजित होने वाले खेलों की जानकारी ली और तैयारियों का जायज़ा लिया। साथ ही तीरंदाज़ी खेल में भी हाथ अजमाया।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

# जवानों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

पेड़-पौधे पर्यावरण के ही नहीं बल्कि विश्व के रक्षक इसके बिना जीवन का कोई मोल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




जिले के भैरमगढ़ ईलाके में तैनात 165 बटालियन सीआरपीएफ के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपण कर आस-पास के ईलाकों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित कर रहे है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को भैरमगढ़ के फुण्डरी में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। वहीं सीआरपीएफ 165 बटालियन के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 2000 पौधे लगा कर पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर सीआरपीएफ बटालियन 165वीं वाहिनी के कमांडेंट राकेश यादव ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा, कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को सकारात्मक सोच व पर्यावरण के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करना है। पेड़ पौधे पर्यावरण के ही नहीं बल्कि विश्व के रक्षक है। पौधे पूरे विश्व को स्वच्छ बनाते है, इसके बिना जीवन का कोई मोल नहीं है। कमांडेंट राकेश यादव ने आगे कहा, कि देश के सभी नागरिकों को साल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी सम्पूर्ण संरक्षण करना चाहिए। तभी पौधा एक विशालकाय वृक्ष का रूप धारण कर हमारे पर्यावरण को बचाने में मदद होगी। इस दौरान विवेकानन्द सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, पवन कुमार उप कमान्डेंट, प्रफुल्ल मेडीसिकर सहा. कमान्डेंट के अलावा अधिकारियों व जवानों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुधावा में मानसगान का किया आयोजन

**दुधावा।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से जय दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह अटंग धमतरी के द्वारा ग्राम दुधावा में रात्रिकालीन मानस गान एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन 24 अक्टूबर को किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम दुधावा की सत्ती महिला मानस मंडली ने भी प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूह अटंग के कार्यक्रम अधिकारी उमेश निर्मलकर, सरपंच श्याम बाई नेताम ग्राम पंचायत दुधावा, रमेश रजक, कर्ण कुमार साहू, इन्द्र भान साहू, फूलसिंग पटेल लाइन मैन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### देवडोंगर में कबड्डी व डीजे डांस प्रतियोगिता

**दुधावा।** दीपावली पर्व अवसर पर ग्राम के समस्त वासियों एवं मारूति युवा संगठन देवडोंगर के तत्वावधान में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक त्रिदिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 3 नवंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कबड्डी प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 10001 रूपएं, दूसरा पुरस्कार 6001 रूपंए, तीसरा पुरस्कार 3001 रूपएं है वहीं डीजे डांस प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000 रूपएं, द्वितीय पुरस्कार 2000 रूपएं, तृतीय पुरस्कार 1000 रूपएं और चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपएं, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपएं, द्वितीय पुरूस्कार 3000 रूपएं, तृतीय पुरस्कार 2000 रूपएं, चतुर्थ पुरस्कार 1000 रूपएं, पंचम पुरूस्कार 500 रूपएं, सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपएं और दूसरा पुरस्कार 6000 रूपएं, तृतीय पुरस्कार 4000 रूपएं, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपएं, पंचम पुरूस्कार 1000 दिया जाएगा। उक्ताशय जानकारी मारूति युवा संगठन देवडोंगर के अध्यक्ष शैलेन्द्र बघेल ने दिया।

# राष्ट्र निर्माण और युवकों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना बेहतरी मंच : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर मुनगाडीह मोहपुर में आयोजित किया गया। शिविर के षष्ठम दिवस पर कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेतामने कहा कि युवा ही राष्ट्र निर्माण की नींव है और राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को पथ प्रदर्शित करने का उचित माध्यम है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा पवन सेन ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत जानकारी कार्ययोजना की जानकारी देकर शिविर के सफल संचालन में पंचायत, ग्रामवासियों, नवयुवक मंडल के सहयोग की प्रशंसा की। सेजेस विद्यालय प्राचार्य डीएस निषाद ने उपस्थित समस्त अतिथियों के साथ ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया। शिविर के छठवें दिन बौद्धिक परिचर्चा में कृषि विज्ञान केंद्र के सहायक प्रयोजना अधिकारी दिनेश सिन्हा ने उन्नत कृषि और नवीन तकनीकों की जानकारी दी। इस दिन बस्तर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डीएल पटेल द्वारा शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन किया गया साथ ही रासेयो के मूल उद्देश्य को जीवन में आत्मसात करने प्रेरित किया गया। शिविर समापन के पूर्व दिवस रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, शिक्षाप्रद संदेश मंच के माध्यम से दिया इसमें ग्राम के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य का प्रदर्शन




**किया उत्साहवर्धन**

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जनपद सदस्य कुमार मरकाम, मोहपुर सरपंच महाबती भास्कर ने रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति देकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया एवं मोहपुर उपसरपंच गिरवर मंडावी, ग्राम पंच तुकाराम नेताम, बालाराम भास्कर, राजकुमार भास्कर, जागेश्वर पोया, खमन पोया, गोपाल भास्कर, देवचंद सिन्हा, सागर मंडावी, लखु वट्टी, अंशु शुक्ला, भरत साहू, सूरज वट्टी, विवेक गुप्ता, गौवराव, पटौद उपसरपंच ऋषि साहू पालकगण, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण : आपातकाल में लोगों को उचित ढंग से सेवा दे सकेंगे

# 50 रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को प्राथमिक सहायता का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के निर्देश पर हर घर फस्टेडर कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाना है। प्रशिक्षित सदस्य आपातकाल स्थितियों में स्वयं की एवं लोगों की सहायता करेंगे। रेड क्रॉस के संस्थापक जिन हेनरी ड्यूनांट के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के द्वारा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन ने कहा कि रेड क्रॉस मानव सेवा को समर्पित संस्था है, जो जिले की विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं जरूरतमंदों को देते आ रही है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं डॉ महेश सांडिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी पदेन सचिव रेड क्रॉस के दिशा निर्देश पर विकासखंड चारामा में नए बने 50 रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया गया। पार्षद उमा देवी शर्मा ने रेड क्रॉस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेड क्रॉस निस्वार्थ बिना भेदभाव की लोगों की मदद के लिए आगे रहती है। समाजसेवी उत्तम साहू ने कहा कि हमने कोरोना कल में रेड क्रॉस के कार्य को देखा है और रेड क्रॉस के साथ मिलकर जरूरतमंदों को सामग्रियां उपलब्ध कराने जागरूकता लाने में कार्य किया। तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि वह भी रेडक्रॉस से जुड़े हुए हैं और लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। आपातकाल में घटित होने वाली दुर्घटनाओं से घायल व्यक्ति को त्वरित राहत देने के लिए प्राथमिक सहायता की माध्यम से घायल की मदद की जाती है। दुर्घटना के घटित होने के बाद 10 मिनट का गोल्डन समय होता है, जिसमें एंबुलेंस के आने या घायल को अस्पताल तक ले जाने के बीच के समय में प्राथमिक सहायता देकर घायल की जान बचाई जा सकती है। जिला प्रशिक्षक डॉ चामेंद्र भेड़िया एवं सहयोगी विजय राय के द्वारा लंबी पट्टी चौड़ी पट्टी एवं त्रिकोण पट्टी की जानकारी, खून का बहना रोकना, छिलने चोट लगने पर पट्टियों के विभिन्न प्रकार से बांधना, फ्रैक्चर हो जाने पर आसपास की वस्तुओं के माध्यम से सपोर्ट देना, घटना के चित्रण के माध्यम से घटनास्थल में घायल की मदद एवं सांस न चलने पर सीपीआर चेस्ट कंप्रेशन और कृत्रिम सांस देकर जान बचाने के उपाय को बताया गया। जिला संगठक पवन कुमार सेन एवं सहयोगी धर्मेंद्र साहू के द्वारा घायल व्यक्ति को घटनास्थल से उठाकर दूर सुरक्षित जगह पर ले जाने एंबुलेंस तक ट्रांसपोर्ट करने के लिए चादर, बांस, बल्ली, टीशर्ट, चुनरी, गमछा के माध्यम से स्ट्रेचर बनाने के विभिन्न प्रकार बताए गए। सदस्यों को सांप, कुत्ता, मधुमक्खी, जहरीले जीव के काटने पर किए जाने वाले उपाय को बताया गया। कमरे में आग लगने पर अपनाये जाने वाले तरीकों को प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी लखनलाल जूर्री, खंड शिक्षा अधिकारी केशव राम साहू, सीएस यादव प्राचार्य सेजेस चारामा, रेडक्रॉस वॉलिंटियर उत्तम मिश्रा, विजय राय, धर्मेंद्र साहू का योगदान रहा।

## भुवनेश्वरी मंदिर में 2 नवंबर से शतचंडी महायज्ञ, बागेश्वरधाम सरकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

श्रीरामनगर में पहाड़वाली माँ भुवनेश्वरी मंदिर में 2 नवंबर से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 3 नवंबर को शतचंडी महायज्ञ में शामिल होंगे।

भुनेश्वरी मंदिर के सदस्य तुषार ठाकुर ने बताया कि 02 नवंबर को दोपहर 12 बजे से कलश यात्रा मेलाभाटा से भुनेश्वरी मंदिर श्रीराम नगर के लिए निकलेगी। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 3 नवंबर को सायं 5 बजे पीजी कॉलेज के ग्राउंड के हैलीपैड में पहुँचेंगे। हैलीपेड से नरहरदेव मैदान में हिंदू राष्ट्र संकल्पित सभा को संबोधित करेंगे, जहां कांकेर आगमन पर सनातनियों द्वारा बाइक रैली निकाल बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर जी का स्वागत किया जाएगा। भुनेश्वरी मंदिर में पूजन संपन्न होगा, तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में सनातन ध्वज फहराया जाएगा एवं अखंड ज्योति प्रारंभ करेंगे। 04 नवंबर को सुबह 10 बजे के पश्चात पत्रकारों को संबोधित करेंगे।



### अभिलाषा ग्रुप ने वंचित बच्चों को बांटे दिवाली उपहार

**दूर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शा. उमावि मेड़ों में ग्रुप ऑफ अभिलाषा के द्वारा खुशियाँ कार्यक्रम के तहत सुख सुविधाओं से वंचित छात्रों को दीवाली के लिए कपड़े, मिठाइयां और स्टेशनरी में पेंसिल बॉक्स, पेन , पेंसिल, रबर, सकैच पेन और कॉपी वितरीत किया। ग्रुप के फाउंडर तृप्ति गजभिये ने कहा कि यह एक छोटी सी पहल ग्रामीण ईलाके में प्रारंभ किया है। इस कार्यक्रम में ग्रुप की बालिकाएं पायल जैन, गरिमा, महिमा दिवान,अमिता, नेहा , खुशबू , गोदावरी, नागेश्वरी अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




## स्वास्थ शिविर में 311 मरीजों का हुआ उपचार, दी गई दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति सयुंक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बड़े मुरमा, नानगुर में चर्म रोग निवारण विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चर्म रोग से बचने और उनका बेहतर इलाज करने के लिए जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने बड़ेमुरमा,नानगुर, जगदलपुर में 311 मरीजों का निः शुल्क उपचार किया गया। साथ ही उन्हें निः शुल्क दवाइयां दी गई। इसके अतिरिक्त 35 लोगो का पैथोलॉजीकल परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार किया जा सके। शिविर में एसबीआई संजीवनी की टीम तथा गांव के सरपंच मन्धर शिवम कश्यप,सचिव प्रदीप यादव मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विभास ओझा, डॉक्टर जयंत सिंह साथ ही जिला समन्वयक सूरज पटनायक साथी कर्मचारी योगेश, धनश्री, डॉली, दुर्जन ने अपनी सेवाए प्रदान की।

## प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों का तैयार होगा रजिस्टर

**कांकेर।** भाजपा संगठन चुनाव के पहले प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्टर तैयार करने का फरमान जारी किया है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व से प्राप्त प्राथमिक सदस्यता रजिस्टर जिला भाजपा द्वारा सभी 16 मंडलों को सौंपा गया है। प्राथमिक सदस्यता रजिस्टर शक्ति केंद्र स्तर पर तैयार होंगे अर्थात हर शक्ति केंद्र के लिए एक रजिस्टर होगा। बूथ स्तर के संगठन चुनाव के दौरान तैयार किए गए प्राथमिक सदस्यता रजिस्टर के सदस्यों में से कोई व्यक्ति बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बूथ कार्यकारिणी की जिम्मेदारी मिलेगी। सक्रिय सदस्यता रजिस्टर मंडल स्तर पर बनाएं जाने का दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने तय किया है कि मंडल में कम से कम 200 सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। प्राथमिक सदस्यों का रजिस्टर तैयार करना मंडल अध्यक्षों, मंडल सदस्यता और सक्रिय सदस्यत को जिम्मेदारी दी गई है।

## माहरा समाज की बैठक में समाज को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल ब्लॉक के पोटानार चित्रधारा प्रांगण में रविवार को माहरा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में समाज को मजबूत बनाने और नई पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने पर गहन चर्चा की गई। बैठक में माहरा समाज के कई गणमान्य सदस्य और युवा शामिल हुए, जिन्होंने अपने विचार साझा किए और समाज के विकास के लिए विभिन्न सुझाव दिए। चर्चा में शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक एकता पर विशेष ध्यान दिया गया। समाज को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता बनाए रखने और युवाओं को समाज की धरोहर से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के इतिहास और मूल्यों को संजोए रखने की बात कही और युवाओं को अपने गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## दुकान के बाहर सामान नहीं रखने की अपील



**कांकेर।** यातायात पुलिस 27 अक्टूबर को दुधावा तिराहा से घड़ी चौक तक सभी व्यापारियों को दुकान से बाहर सामान नहीं निकालने अपील किया गया है। यातायात की टीम माईक के माध्यम से दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था बनाएं रखने के लिए यह बहुत जरूरी है। बाजार में पब्लिक का दबाव बढ़ेगा और यातायात व्यवस्था चरमराएगी। यातायात विभाग की अपील पर व्यापारी क्या रूख अपनाते है, यह तो आने वाला समय बताएगा, परंतु यातायात विभाग अपनी जिम्मेदारी शांति ढंग से बनाए रखने के लिए शहर के व्यापारियों से अपील करने में डटे हुए है।

## माड़पाल मरघट में अंतिम संस्कार की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर एनएमडीसी नगरनार स्टील प्लांट क्षेत्र में सम्मलित ग्राम माड़पाल में लोगो को अपने परिजनों को अंतिम संस्कार में भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर है। मुक्तिधाम में पानी की सुविधा है और न ही शेड का निर्माण किया गया। खुले आसमान के नीचे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार के लिए अनेक परेशानियों से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ता है,जब खुले आसमान में शव को परिजन मुखाग्नि देने जदोजहद करते नजर आते है। विडंबना देखिए स्टील प्लांट क्षेत्र से जुड़े ग्राम माड़पाल के विकास के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट प्रबंधन सीएसआर फंड की व्यवस्था होने के बाद भी लोगो ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जागरूकता के अभाव बड़ा कारण बताया जा रहा है। जब तक ग्राम पंचायत से प्रस्ताव बनाकर स्टील प्लांट प्रबंधन को क्षेत्र विकास निधि की मांग नही की जाती तब ऐसे ही हालात से ग्रामीणों को गुजरना होगा। स्थानीय क्षेत्र विकास निधि(सीएसआर) राशि के जरिए विकास और निर्माण कार्य किए जाते है।



## कबड्डी और खो-खो में सैंकड़ों खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

**जगदलपुर।** विद्या ज्योति स्कूल द्वारा सिल्वर जुबली इंटर स्कूल खो-खो, कबड्डी चावड़ा कप का आयोजन 24 व 25 अक्टूबर को स्कूल ग्राउंड में आयोजित की गई। जिसमें 17 वर्ष से काम बालक बालिका की प्रतियोगिता हुई। संभाग भर से 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि फादर बीजू वेदप्रकाश सोनी शिक्षा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी फादर जोमोन, प्राचार्य क्राइस्ट कालेज, प्राचार्य एंथोनी विद्या ज्योति स्कूल ने उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों से बालक खो-खो की 10 टीम, बालक कबड्डी की 10 टीम, बालिका खो-खो की 9 टीम, बालिका कबड्डी की 6 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रौशन किया। प्रतियोगिता में विजेता दल को 5 हजार एवं उपविजेता को 3 हजार का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। समापन समारोह के अतिथि रविन्द्र पटनायक संभागीय क्रीड़ा अधिकारी, प्राचार्य एंथोनी, फादर पीटर व फादर बीजू ने पुरुस्कार वितरण किया। इस मौके पर पीटीआई, प्राचार्य विद्या ज्योति स्कूल के मैनेजमेंट, शिक्षक, छात्रा, खिलाड़ी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संचालन अब्दुल मोईन ने किया। निर्णायक मो. साहेबा, मधुसुदन वर्मा, अभय माने, अविनाश माने, चंद्रमोहन वर्मा, सागर शर्म, अभिजीत तिवारी, सुश्री गुरप्रीत कौर, गजेंद मारपी रहे।

## पटाखे जब्त, आरोपी मुचलके में रिहा

# बिना लायसेंस पटाखे की बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत तहसीलपारा में निवासरत आरोपी 35 वर्षीय तापस दास पिता स्व. नरेन्द्र चंद दास के घर से बिना लायसेंस के रखे फटाखा को जप्त कर कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया।

पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि तहसीलपारा में एक युवक बिना लायसेंस के फटाखा बेंचने के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर के द्वारा दी गई जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर तलाशी लिए, जहां तापस दास के मकान के आंगन में एक प्लास्टिक बोरी में विभिन्न प्रकार के फटाखे जैसे पिस्टल रोड, स्पाईडर मेन 12 सार्ट, अनारदाना, चकरी, फुलझड़ी, किट कैट सार्ट आदि भरा रखा पाया गया को गवाहो के उपस्थित में बरामद किया गया। फटाखा रखने के संबंध में तापस दास को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया, जिस पर आरोपी तापस दास के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखे विभिन्न प्रकार के फटाखे पिस्टल रोड 15 नग, स्पाईडर मेन 12 सार्ट 02 नग, अनारदाना 4 पैकेट, चकरी 03 पैकेट, शार्ट 05 नग, फुलझड़ी 30 पैकेट, किट कैट सार्ट 02 पैकेट, कीमत करीबन 6000 रूपएं को गवाहो के उपस्थिति में जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 9B विस्फोटक अधिनियम 1884 का उल्लंघन करना पाए जाने से गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर घटना स्थल पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।



सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

